आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सरकार देश के धरोहर स्थलों के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
2. आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लोगों से गर्मी के मौसम में सुरक्षित रहने का आग्रह किया।
3. स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से कैदियों के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया।
4. खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में सात जून को फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में छठी–सातवीं शताब्दी के पांडु वंश के महर्षि बलार्जुन से जुड़ी दुर्लभ तांबे की तीन पट्टिकांए भी मिली हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नीदरलैंड्स सरकार ने हाल ही में चोलकालीन ताम्र–पट्टिकाएं भारत को लौटाई हैं। जिससे दुनिया भर के तमिल समुदाय में विशेष उत्साह है। श्री मोदी ने कहा कि ये पट्टिकाएं चोल साम्राज्य की समुद्री ताक़त और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के साथ उनके संबंधों को दर्शाती हैं।

श्री मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है।

प्रधानमंत्री ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स महासंघ प्रतियोगिता में गुरिंदर वीर सिंह, विशाल टी.के., तेजस्विन शंकर, देव मीना और कुलदीप कुमार को चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने पर बधाई दी। श्री मोदी ने 100 मीटर दौड़ में रिकॉर्ड तोड़ने वाले गुरिंदर वीर सिंह और अनिमेष कुजूर से बात भी की। श्री मोदी ने कहा कि खगोल विज्ञान ने देश की हर पीढ़ी में जिज्ञासा जगाई है। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान

देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। श्री मोदी ने युवाओं से खगोल विज्ञान क्लब में शामिल होने और छुट्टियों के दौरान तारामंडल देखने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के नागरकोइल में 15 स्कूल चलाने वाली शिक्षिका गिरिजा अम्मा की भी बात की जिन्होंने 'मन की बात' से प्रेरित होकर देश के सैनिकों के लिए योगदान देने का संकल्प लिया है। गिरिजा अम्मा ने बहादुर सैनिकों के लिए रोज़ एक रुपया दान करने की अपील बच्चों से की और इससे मिले लगभग 40 लाख रुपये प्रधानमंत्री को सौंपे। श्री मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे लोगों को पहचानें और स्वयं भी अच्छे कार्यों से जुड़ें।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी की ओर से हाल ही में कैदियों के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के अभ्यास के माध्यम से कैदियों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम जेलर मोहम्मद इकबाल और मुख्य वार्डर पी.वी.के. विनोद कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग थेरेपिस्ट गुणाशेखर ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग मुद्राओं, श्वास तकनीकों और विश्राम के अभ्यासों की जानकारी दी। सत्र के दौरान, उन्हें लचीलापन, शक्ति और शारीरिक मुद्रा में सुधार के लिए योग के लाभों के बारे में बताया गया। साथ ही, तनाव और चिंता को कम करने के लिए श्वास संबंधी व्यायाम और विश्राम तकनीकों की जानकारी दी गई। यह योग सत्र चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. नंदनी की देखरेख में आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

विश्व साइकिल दिवस तीन जून को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में, खेल एवं युवा मामले निदेशालय, भारतीय खेल प्राधिकरण के समन्वय से सात जून को सुबह सात बजे फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन करेगा। यह साइकिल रैली सभी द्वीपवासियों, पर्यटकों, युवाओं, स्कूली व कॉलेज के छात्रों और अभिभावकों के लिए खुली है। प्रतिभागियों से सुबह साढ़े छः बजे रिर्पोटिंग करने को कहा गया है। रैली नेताजी स्टेडियम से कार्बाइंस कोव तट तक जाएगा जो वापस नेताजी स्टेडियम पहुंचकर सम्पन्न होगा। इच्छुक प्रतिभागी फिट इंडिया पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। विभाग ने प्रतिभागियों से अपनी साइकिल के साथ रैली में शामिल होने को कहा है। निदेशालय ने आम जनता से इस रैली में हिस्सा

लेने की अपील की है, ताकि समुदाय के बीच फिटनेस, स्वस्थ जीवन शैली और साइकिल चलाने के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन उनतालीसवीं नेशनल अंडर–07 शतरंज चैंपियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का चयन करने के लिए छः जून को अंडर–07 राज्य शतरंज चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल का आयोजन करने जा रहा है। यह चयन ट्रायल डेयरी फार्म स्थित एन्का चेस सेंटर में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय चैंपियनशिप 30 जून से 4 जुलाई तक नागपुर में आयोजित होने वाली है। इस चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी दो हजार उन्नीस या उसके बाद का होना अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ियों से चार जून तक अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में कल से छः जून तक वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे तक रहेगी, जो बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटे तक हो सकती है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को चार जून तक समुद्र में न जाने को कहा गया है।

<><><><><><><>